प्रतियोगिता दर्पण हिन्दी मासिक

क्रॉनिकल

# April 2022

# अप्रैल 2022

Click this link to watch the PD April 2022 video https://youtu.be/ONvs_0Xbk6U

Click this link to watch the Chronicle April 2022 https://youtu.be/al6fW9UagUM

**Visit for More Updates** www.onlinestudycentre.in

Subscribe to our YouTube Channel

# अप्रैल (April) 2022

## राष्ट्रीय घटनाक्रम

### पीएसएलवी-C 52 की उड़ान द्वारा तीन उपग्रहों का प्रक्षेपन

- 14 फरवरी 2022 को इसरो द्वारा अपने ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान **PSLV-C52** की उड़ान द्वारा तीन उपग्रहों को सफलतापूर्वक अन्तरिक्ष में उनके लिए निर्धारित कक्षाओं में स्थापित कर दिया।
- तीनों उपग्रहों को कक्षा में स्थापित- **Sun Synchronous Orbit (529 किमी की ऊँचाई पर 33 मिनट का समय लगा।)**
- **प्रक्षेपण स्थान-** आंध्र प्रदेश में श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से।

**(1) पृथ्वी अवलोकन उपग्रह (Earth Observation Satellite-EOS-04)-**

- **वजन-** 1710 किग्रा,
- **उद्देश्य-** यह एक **राडार इमेजिंग सेटेलाइट** है जिसे हर तरह के **मौसम में उच्च गुणवत्ता वाले चित्र लेने** के लिए तैयार किया गया है। इन चित्रों का **इस्तेमाल कृषि, वानिकी, वृक्षारोपण, बाढ़ नियंत्रण व जल विज्ञान** आदि क्षेत्र में होगा।
- **जीवनकाल-** 10 वर्ष आकलित।

**(2) INS-2TD-**

- यह एक प्रौद्योगिकी प्रदर्शन उपग्रह **(Technology Demonstration Satellite)** है।
- **वजन- 17.5 किलोग्राम।**
- **उद्देश्य-** इसमें एक थर्मल इमेजिंग कैमरा है जो वनस्पति मानचित्रण के अलावा जमीन और पानी की सतह के तापमान के आकलन में मदद करेगा।
- **जीवनकाल- 6 माह** आकलित।

**(3) INSPIRE-Sat-1-**

- यह तिरुवनंतपुरम स्थित भारतीय अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थान (IIST) द्वारा कोलोराडो यूनिवर्सिटी, बोल्डर के सहयोग से निर्मित एक **छात्र उपग्रह (Student Satellite)** है।
- **वजन- 8.1 किलोग्राम**
- **उद्देश्य-** आयन मंडल गतिकी और सूर्य की कोरोना प्रक्रिया की समझ में सुधार करना।
- **जीवनकाल- 1 वर्ष है।**

### संचार उपग्रह INSAT-4B सेवा मुक्त

- 13-17 जनवरी 2022 के दौरान **पोस्ट मिशन डिस्पोजल** के तहत इसकी दूसरी ग्रेव्यार्ड ऑर्बिट अर्थात **जैक ऑर्बिट** में स्थानांतरण के पश्चात **24 जनवरी 2022** को **इसे ISRO से सेवा मुक्त** कर दिया है।
- **INSAT-4B इसरो का 21वां** ऐसा जियो सेटेलाइट है जिसका **पोस्ट डिस्पोजल किया** गया है।
- 11 मार्च 2007 को **एरियन स्पेस के एरियन-5 रॉकेट से प्रक्षेपण** किया गया था।
- **वजन- 3025** किलोग्राम।
- **जीवनकाल- 12 वर्ष** अनुमानित था लेकिन **14 वर्ष तक अपनी कक्षा में सफलतापूर्वक कार्य कर** चुका था।

### आईपीएल 2022 के खिलाड़ियों की नीलामी संपन्न

- 12-13 फरवरी 2022 को **आईपीएल के 10 टीमों के लिए खिलाड़ियों की नीलामी बेंगलुरु में संपन्न** हुई।
- IPL- XV का **आयोजन 26 मार्च से 29 मई 2022 के दौरान** भारत में होना है।
- देश विदेश के कुल **1214 खिलाड़ियों ने नाम रजिस्टर** कर आए थे, जिनमें **590 खिलाड़ियों की नीलामी** के लिए चुना गया **(370 भारतीय व 220 विदेशी खिलाड़ी)।**
- IPL-XV में इस बार **दो नई टीमें** लखनऊ सुपर जायंट्स व गुजरात टाइटंस भी शामिल हुए हैं।
- कुल 240 क्रिकेटरों को 10 टीमों के प्रबंध तंत्रों में अलग-अलग मूल्य लगाकर अपनी टीम में शामिल किए।
- 386 क्रिकेटर को किसी ने भी अपनी टीम में नहीं लिया।
- सर्वाधिक बोली जिन क्रिकेटरों पर लगी-
- **1. ईशान किशन** (₹15.25 करोड़, मुंबई इंडियंस),
- **2. दीपक चाहर** (₹14.00 करोड़, चेन्नई सुपर किंग)
- **3. श्रेयस अय्यर** (₹12.25 करोड़, कोलकाता नाइट राइडर्स)

- **विदेशी खिलाड़ियों में सर्वाधिक बोली** लगी- **लिविंग स्टोन (इंग्लैंड)** (₹11.50 करोड़ , पंजाब किंग)

**देश की सुरक्षा के लिए खतरा बने चीन के अन्य एप्स पर प्रतिबंध की गृह मंत्रालय की संस्तुति**

- 14 फरवरी 2022 को राज्यसभा में एक वक्तव्य में बताया गया कि **54 एप्स कथित तौर पर विभिन्न महत्वपूर्ण अनुमति प्राप्त करके संवेदनशील डाटा एकत्र करते हैं जिन का दुरुपयोग किया जा रहा है** तथा चीन में स्थित सर्वर को प्रेषित किया जा रहा था।
- इस बार **कुछ महत्वपूर्ण एप्स है-** ब्यूटी कैमरा, डुएल स्पेस लाइट, विवा वीडियो, गेरेना फ्री फायर, एशेज ऑफ टाइम लाइट व ऐप लॉक आदि।
- इन पर प्रतिबंध के औपचारिक अधिसूचना मंत्रालय द्वारा अलग से जारी की जाएगी।
- चीनी एप्स पर प्रतिबंध की यह पांचवीं अधिसूचना होगी।
- 267 चीनी एप्स पर प्रतिबंध भारत सरकार ने 2020 में आरोपित किया था।।

**11वीं सदी के संत रामानुजाचार्य की प्रतिमा स्टैचू आफ इक्वेलिटी का लोकार्पण**

- 5 फरवरी 2022 को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने **संत रामानुजाचार्य की प्रतिमा** का लोकार्पण किया।
- **तेलंगाना में हैदराबाद में स्थापित** की गई है।
- **पांच धातुओं- कॉपर, सिल्वर, गोल्ड, जिंक व टाइटेनियम** के मिश्रण से बनी **216 फुट ऊंची** यह प्रतिमा बैठी हुई है।
- **बैठी प्रतिमा** वाली यह **विश्व की दूसरी सबसे ऊंची** प्रतिमा है।
- यह प्रोजेक्ट लगभग **45 एकड़ में फैला** है, जिसकी **कुल लागत ₹1000 करोड़** बताई गई है और यह पूरी परियोजना **दान के पैसों से** पूरी की गई है।
- 1017 ई. में पेरुंबदूर (तमिलनाडु) में जन्मे संत रामानुजाचार्य ने देश भर में घूम-घूम कर ऊंच-नीच का भेदभाव समाप्त करने तथा समानता व सामाजिक न्याय पर बल दिया तथा भक्ति आंदोलन को पुनर्जीवित किया।
- लोक कथाओं के अनुसार **उनका निधन 120 वर्ष की आयु** में **1137 ई. में** हुआ था।

**राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद द्वारा नौसैनिक बेड़े की समीक्षा**

- 21 फरवरी 2022 को भारत के सशस्त्र बलों के सर्वोच्च कमांडर राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद ने भारतीय नौसेना के **बेड़े की समीक्षा (Fleet Review)** को विशाखापट्टनम के तट पर की।
- यह भारतीय नौसेना का **12वां फ्लीट रिव्यू** था।
- थीम- **'भारतीय नौसेना राष्ट्र की सेवा में 75 वर्ष' (Indian Navi -75 years in the Service of the Nation).**
- **आई.एन.एस सुचित्रा** पर सवार राष्ट्रपति के 44 जहाजों के निकट से गुजरते हुए इन का अवलोकन किया।
- राष्ट्रपति ने कहा कि भारतीय नौसेना की निरंतर सतर्कता, घटनाओं पर त्वरित प्रतिक्रिया और अथक प्रयास समुद्र और समुद्री जनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में अत्यधिक सफल रहे हैं।
- राष्ट्रपति ने भारतीय नौसेना के तेजी से आत्मनिर्भर होने और मेक इन इंडिया पहल में सबसे आगे होने पर प्रसन्नता व्यक्त की है।

**युद्ध ग्रस्त यूक्रेन से भारतीय नागरिकों की स्वदेश वापसी हेतु ऑपरेशन गंगा**

- युद्ध ग्रस्त **यूक्रेन में फंसे भारतीय नागरिकों को सुरक्षित बाहर निकालने** के लिए **ऑपरेशन दंगा** नाम से ऑपरेशन संचालित किया गया।
- 1 मार्च 2022 तक **लगभग 2000 लोगों को स्वदेश लाया जा चुका था**।
- अधिकांश वहां मेडिकल एजुकेशन के लिए रह रहे विद्यार्थी थे।
- भारतीय नागरिकों को सड़क मार्ग से **पहले सीमावर्ती देश पोलैंड, हंगरी, रोमानिया व स्लोवाकिया आदि** में ले जाया गया। वहां से चार्टर्ड विमानों द्वारा इन्हें स्वदेश लाया गया।

**चारा घोटाले के अन्य मामले में राजद प्रमुख श्री लालू प्रसाद यादव को 5 वर्ष की कारावास की सजा**

- 21 फरवरी 2022 को **सीबीआई की रांची स्थित विशेष अदालत** ने राष्ट्रीय जनता दल सुप्रीमो **श्री लालू प्रसाद यादव को 5 वर्ष तक की सश्रम कारावास** की सजा सुनाई है।
- साथ ही **₹60 लाख रुपए का अर्थदंड भी** विशेष अदालत ने आरोपित किया है।
- जुर्माना **नहीं भरने पर 1 वर्ष के कारावास की सजा** और भुगतनी होगी।
- एक अन्य मामला **बिहार में भागलपुर में शेष** है। इस मामले में अभी अभियुक्तों की गवाही दर्ज की जा रही है।
- यह मामला अविभाजित बिहार के बहुचर्चित चारा घोटाले के सबसे बड़े मामले **(डोरंडा कोषागार से ₹139.35 करोड़ की अवैध निकासी)** का है।

## ऑपरेशन आहट (Operation AAHT)

- फरवरी 2022 में **मानव तस्करी को रोकने** के लिए एक राष्ट्रव्यापी अभियान **'ऑपरेशन आहट' रेलवे सुरक्षा बल (RPF) द्वारा** शुरू किया गया।
- ऑपरेशन के तहत लंबी दूरी की सभी ट्रेनों/ रेलमार्गों पर विशेष बल को तैनात किया जाएगा, जो पीड़ितों विशेष रूप से महिलाओं और बच्चों को तस्करों के चंगुल से बचाने पर ध्यान केंद्रित करेगा।
- प्रतिदिन देश में **लगभग 21,000 ट्रेनों का संचालन** करता है, उन संदिग्ध तस्करों के लिए सबसे विश्वसनीय वाहक है, जो अक्सर लंबी दूरी की ट्रेनों में बड़ी संख्या में महिलाओं और बच्चों की तस्करी करते हैं।
- इसके तहत RPF खतरे को रोकने के मिशन में स्थानीय पुलिस की सहायता के लिए राज्यों में एक सेतु के रूप में कार्य कर सकता है।

## सुपर कंप्यूटर परम प्रवेग

- फरवरी 2022 में **राष्ट्रीय सुपरकंप्यूटिंग मिशन (NSM)** के तहत भारतीय विज्ञान संस्थान (IISC), **बेंगलुरु ने परम प्रवेग** नामक **सुपर कंप्यूटर** को कमीशन किया है।
- यह देश की सबसे शक्तिशाली सुपर कंप्यूटर में से एक है और भारतीय शैक्षणिक संस्थान में स्थापित सबसे बड़ा सुपर कंप्यूटर है।
- इसकी **कुल सुपरकंप्यूटिंग क्षमता 3.3 पेटाफ्लॉप (Petaflops)** है।
- इसे सेंटर फॉर डेवलपमेंट आफ एडवांस्ड कंप्यूटिंग **(सी-डैक) द्वारा डिजाइन** किया गया है।
- इसके **अधिकांश घटक स्वदेशी रूप से निर्मित और असेंबल** किया गया है इसका **सॉफ्टवेयर भी भारत में ही विकसित** किया गया है।
- राष्ट्रीय सुपरकंप्यूटिंग मिशन को विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग **(DST)** और इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय **(MeitY) द्वारा संयुक्त रूप से संचालित** किया जाता है।
- इस मिशन के तहत **भारत में अब तक 10 सुपर कंप्यूटर सिस्टम स्थापित** किए जा चुके हैं।

## भारत के दो नए रामसर स्थल

- फरवरी 2022 में भारत की **दो नई आर्द्रभूमि** को रामसर स्थल में जोड़ा गया।
- **1. खिजड़िया पक्षी अभ्यारण (जामनगर, गुजरात)**
- **2. बखिरा वन्यजीव अभ्यारण (उत्तर प्रदेश)**
- अब **भारत में रामसर वालों की संख्या- 49** ( दक्षिण एशिया के किसी भी देश के लिए सबसे अधिक है)।
- **विश्व स्तर पर** आर्द्रभूमि दुनिया के **भौगोलिक क्षेत्र का 6.4%** कवर करती है।
- **भारत में** कुल **भौगोलिक क्षेत्र का- 4.63%** (1,52,600 वर्ग किलोमीटर)।

# अन्तर्राष्ट्रीय घटनाक्रम

## अफगानिस्तान को मानवीय सहायता के तहत 25000 टन गेहूं की पहली खेप की आपूर्ति भारत ने की

- 26 फरवरी 2022 को खाद्य संकट से जूझ रहे **अफगानिस्तान के लिए** मानवीय आधार पर **25000 टन गेहूं की एक खेप** भारत ने पहुंचाई है।
- **संयुक्त राष्ट्र खाद्य कार्यक्रम की अपील पर 50,000 टन गेहूं की निःशुल्क** आपूर्ति के लिए सहमति भारत ने दी थी।
- 22 फरवरी 2022 को **पहली खेप** 25000 टन गेहूं की **अमृतसर से रवाना** की गई थी।
- अटारी सीमा से **अफगानिस्तान में जलालाबाद तक** इसका परिवहन **अफगानिस्तान के ट्रांसपोर्टर्स द्वारा** किया गया।
- मानवीय सहायता के तहत भारत सरकार ने पहले ही कोरोना वैक्सीन, कोवैक्सीन वैक्सीन की 5 लाख खुराकों, 13 टन अन्य जीवन रक्षक दवाइयों तथा सर्दियों के लिए 500 गर्म कपड़ों की आपूर्ति की जा चुकी है।

## नेपाल के मुख्य न्यायाधीश राणा के विरुद्ध अविश्वास प्रस्तावः पदमुक्त

- 13 फरवरी 2022 को नेपाल में सत्ताधारी गठबंधन के 100 से अधिक सांसदों ने देश के **सर्वोच्च न्यायाधीश जस्टिस शमशेर जे. बी. राणा** के विरुद्ध महाभियोग प्रस्ताव प्रतिनिधि सभा में प्रस्तुत किया।
- महाभियोग प्रस्ताव दर्ज होने के साथ ही नेपाल में मुख्य न्यायाधीश के स्वतः ही निलंबन का प्रावधान है।
- **कार्यवाहक** मुख्य न्यायाधीश नियुक्त हुए- ***दीपक कुमार कार्की***
- महाभियोग प्रस्ताव में **21 आरोप मुख्य न्यायाधीश के विरुद्ध लगाए** गए हैं, जिसमें भ्रष्ट आचरण से न्यायपालिका की गरिमा को ठेस पहुंचाने, राजनीतिक शक्ति हासिल करने के लिए षड्यंत्र रचने व न्यायिक माहौल बनाए रखने में विफलता के आरोप शामिल हैं।
- महाभियोग प्रस्ताव सदस्यों की कुल संख्या से **कम से कम दो-तिहाई बहुमत** में पारित होने पर मुख्य न्यायाधीश को पद मुक्त कर दिया जाएगा।

**फ्रैंक वाल्टेर स्टीनमीयर जर्मनी के राष्ट्रपति पुनर्निर्वाचित**

- 13 फरवरी 2022 को 5 वर्ष के लगातार दूसरे कार्यकाल हेतु **फ्रैंक वाल्टेर स्टीनमीयर (Frank Walter Steinmeier)** राष्ट्रपति पद पर पुनः निर्वाचित हुए हैं।
- फ्रैंक वाल्टेर स्टीनमीयर (सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी) **77% मत** उनके **समर्थन में** रहे।
- अब **मार्च 2027 तक इस पद पर** बने रहेंगे।
- **जर्मनी के सभी कार्यकारी शक्तियां चांसलर के पास होती हैं** तथा राष्ट्रपति वहां शासन का औपचारिक प्रमुख ही होता है।

**चीन द्वारा एक ही रॉकेट से 22 उपग्रहों का प्रक्षेपण**

- 27 फरवरी 2022 को चीन ने अपने **लाँग मार्च-8 रॉकेट** के एक ही उड़ान द्वारा **22 उपग्रहों को अंतरिक्ष में स्थापित** किया।
- इन उपग्रहों का इस्तेमाल वाणिज्यिक **रिमोट सेंसिंग सेवाओं, समुद्री पर्यावरण निगरानी तथा आपदा प्रबंधन** आदि के लिए किया जाएगा।
- यह प्रक्षेपण **चीन के दक्षिणी हैनान प्रांत में वेनचांग उपग्रह प्रक्षेपण केंद्र से** किया गया।

**G-20 शिखर सम्मेलन (2023) की मेजबानी से संबंधित गतिविधियों के संचालन हेतु समूह का अस्थाई सचिवालय नई दिल्ली में स्थापित करने का निर्णय**

- 30-31 अक्टूबर 2022 को **G-20 का वर्ष 2022 का शिखर सम्मेलन इंडोनेशिया में बाली में होना** है।
- 1 दिसंबर 2022 से 30 नवंबर 2023 तक 2023 का **अध्यक्षता भारत** करेगा।
- अध्यक्षता के कार्यकाल के दौरान **2023 में जी-20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी भारत** को करनी है।
- 15 फरवरी 2022 को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने शिखर सम्मेलन के आयोजन से संबंधित मामलों की देखभाल तथा भारत की अध्यक्षता के दौरान समूह की गतिविधियों के संचालन के लिए **नई दिल्ली में अस्थाई सचिवालय की स्थापना** की जाएगी।
- प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाली एक शीर्ष समिति सचिवालय का मार्गदर्शन करेगी। इस समिति में **विदेश मंत्री, वित्त मंत्री व गृह मंत्री के अतिरिक्त G-20 शेरपा शामिल होंगे (वर्तमान में केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल** जी-20 के लिए भारत के शेरपा हैं)।
- विश्व की **दो-तिहाई जनसंख्या जी-20 देशों में निवास** करती है।
- वैश्विक **सकल राष्ट्रीय उत्पाद के 85% भाग का उत्पादन** इन देशों के द्वारा किया जाता है।
- **वैश्विक व्यापार का 75% इन देशों** द्वारा ही संपन्न किया जाता है।
- **G20 का 2024 की मेजबानी ब्राजील (प्रस्तावित)** करेगी।

**लोकतंत्र सूचकांक 2021**

- 9 फरवरी 2022 को ब्रिटेन की **द इकनोमिक इंटेलिजेंस यूनिट (EIU)** के द्वारा वर्ष 2021 के लिए लोकतंत्र सूचकांक जारी किया गया।
- **सूचकांक में आकलित कुल देश व क्षेत्र- 167**
  **EIU का यह सूचकांक 5 श्रेणियां पर आधारित है-**
- **1. चुनावी प्रक्रिया और बहुलतावाद** (Electoral process and pluralism),
- **2. सरकार का कामकाज** (Functioning of government),
- **3. राजनीतिक भागीदारी** (Political participation),
- **4. राजनीतिक संस्कृति** (Political cultural) और
- **5. नागरिक स्वतंत्रता** (Civil liberties).
- **कुल अंकों (0-10)** के आधार पर **देशों को चार प्रकार के शासन में बांटा** गया है-
- **1. पूर्ण लोकतंत्र (Full democracy)-** जिन देशों का मान 8 से अधिक है। देशों की संख्या- 21.
- **2. दोषपूर्ण लोकतंत्र (Flawed democracy)-** 8 से कम किंतु 6 या 6 से अधिक मान वाले देश। देशों की संख्या- 53
- **3. संकर शासन (Hybrid regiment)-** 6 से कम किंतु 4 या 4 से अधिक मान। देशों की संख्या 34
- **4. सत्तावादी शासन (Authoritarian regime)-** 4 से कम सूचकांक मान वाले देश। देशों की कुल संख्या- 59
- सूचकांक में **भारत का स्थान 46वां (मान 6.91)** (2020 मे स्थान था- 53)।

**लोकतंत्र सूचकांक (2021)**
**शीर्ष 10 राष्ट्र**

| रैंक | देश | स्कोर (लोकतंत्र सूचकांक) |
|---|---|---|
| 1 | नॉर्वे | 9·75 |
| 2 | न्यूजीलैण्ड | 9·37 |
| 3 | फिनलैण्ड | 9·27 |
| 4 | स्वीडन | 9·26 |
| 5 | आइसलैण्ड | 9·18 |
| 6 | डेनमार्क | 9·09 |
| 7 | आयरलैण्ड | 9·00 |
| 8 | ताइवान | 8·99 |
| 9 | आस्ट्रेलिया | 8·90 |
| 9 | स्विट्जरलैण्ड | 8·90 |

Exam World

| सबसे नीचे के 10 राष्ट्र | | |
|---|---|---|
| 158 | इक्वेटोरियल गुनिया | 1·92 |
| 159 | लाओस | 1·77 |
| 160 | चाड | 1·67 |
| 161 | तुर्कमेनिस्तान | 1·66 |
| 162 | सीरिया | 1·43 |
| 162 | केन्द्रीय अफ्रीकी गणराज्य | 1·43 |
| 164 | कांगो | 1·40 |
| 165 | उत्तर कोरिया | 1·08 |
| 166 | म्यांमार | 1·02 |
| 167 | अफगानिस्तान | 0·32 |

| भारत व पड़ोसी देशों की रैंक | | |
|---|---|---|
| 46 | भारत | 6·91 |
| 67 | श्रीलंका | 6·14 |
| 75 | बांग्लादेश | 5·99 |
| 81 | भूटान | 5·71 |
| 101 | नेपाल | 4·41 |
| 104 | पाकिस्तान | 4·31 |
| 148 | चीन | 2·21 |
| 166 | म्यांमार | 1·02 |
| 167 | अफगानिस्तान | 0·32 |

## बुर्किना फासो की सैन्य सरकार ने 30 माह बाद ही चुनाव का संकेत दिया

- फरवरी 2022 में **पश्चिमी अफ्रीकी देश बुर्किना फासो** की नई सैन्य सरकार ने देश में 30 माह के पश्चात निर्वाचित सरकार की वापसी का संकेत दिया है।
- 24 जनवरी 2022 को बुर्किना फासो में **41 वर्षीय सैन्य कमांडर पॉल हेनरी सेंडाओगो दामीबा** के नेतृत्व वाले **पैट्रियोटिक मूवमेंट फॉर सेफगार्ड एंड रेस्टोरेशन** ने राष्ट्रपति **रोस मार्क क्रिश्चियन काबोरे की सरकार का तख्तापलट** कर सत्ता पर कब्जा कर लिया था।
- सत्ता पर नियंत्रण के साथ ही **निर्वाचित सरकार, संसद व संविधान को भंग** करने की घोषणा सैन्य सरकार ने की थी।
- बाद में 31 जनवरी को संविधान को बरकरार रखते हुए **सैन्य कमांडर पॉल हेनरी सेंडाओगो दामीबा को अंतरिम राष्ट्रपति बनाने की घोषणा** की गई।
- बुर्किना फासो को अफ्रीकी संघ के साथ-साथ **इकनोमिक कम्युनिटी ऑफ वेस्ट अफ्रीकन स्टेट्स (ECOWAS) से भी निलंबित** कर दिया गया है।

## भारत-संयुक्त अरब अमीरात शिखर वार्ता

- 18 फरवरी 2020 को वर्चुअल तरीके से **भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी तथा अबूधाबी के क्राउन प्रिंस व संयुक्त अरब अमीरात के सशस्त्र सेनाओं के उप सर्वोच्च कमांडर शेख मोहम्मद बिन जायेद अल नहयान** के बीच द्विपक्षीय वार्ता संपन्न हुई।
- इस वर्ष भारत की **स्वतंत्रता के 75वीं वर्ष के आजादी का अमृत महोत्सव मना** रहा है वहीं **संयुक्त अरब अमीरात अपनी स्थापना की 50वीं वर्षगांठ मना** रहा है।

**वार्ता में शामिल-**

- द्विपक्षीय मुद्दों के अतिरिक्त पारस्परिक महत्व के **क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा** हुई।
- **व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते (Comprehensive Economic Partnership Agreement-CEPA) पर हस्ताक्षर** व इसके दस्तावेजों की आदान प्रदान की गई।
- दोनों देशों के बीच एक संयुक्त दृष्टिकोण पत्र भारत व यूएई समग्र सामरिक गठजोड़ में प्रगतिः नए मोर्चे, नया मील का पत्थर भी इस अवसर पर जारी किया।
- इसका साझा उद्देश्य **नए कारोबार निवेश एवं विविध क्षेत्रों में नवोन्मेष** को बढ़ावा देना है।
- **अर्थव्यवस्था, ऊर्जा, जलवायु कार्य, उभरती प्रौद्योगिकियां, कौशल एवं शिक्षा, खाद्य सुरक्षा, स्वास्थ्य सेवा तथा रक्षा एवं सुरक्षा** आदि शामिल है।

## वन ओशन समिट (One Ocean Summit)

- 9 से 11 फरवरी 2022 को **फ्रांस द्वारा संयुक्त राष्ट्र और विश्व बैंक के सहयोग से फ्रांस के ब्रेस्ट (Brest) में ओशन समिट** का आयोजन किया गया।
- 11 फरवरी 2022 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वन ओशन समिट के उच्च स्तरीय सत्र को संबोधित किया।
- **उद्देश्य-** अंतरराष्ट्रीय समुदाय को स्वस्थ और टिकाऊ समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र के संरक्षण और समर्थन की दिशा में ठोस कार्रवाई करने के लिए प्रेरित करना है।
- यूनेस्को ने **2025 तक अपने सदस्य देशों के स्कूली पाठ्यक्रम में समुद्री शिक्षा को शामिल करने का लक्ष्य** निर्धारित किया गया है।
- यूनेस्को के अनुसार **वर्तमान में 20% समुद्र तल का मानचित्र** किया गया है और **2030 तक समुद्र तल का कम से कम 80% मानचित्रण** करेगा।

## 10वां अंतर्राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा सूचकांक 2022 (10th International Intellectual Property Index 2022)

- 23 फरवरी 2022 को **यूएस चैंबर ऑफ कॉमर्स ग्लोबल इनोवेशन पॉलिसी सेंटर** द्वारा संकलित वार्षिक रिपोर्ट **'अंतर्राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा सूचकांक 2022'** जारी किया गया।
- इसमें **55 वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं में बौद्धिक संपदा ढांचे का मूल्यांकन** किया गया है।

- अंतर्राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा सूचकांक **पेटेंट और कॉपीराइट नीतियों, आईपी परिसंपत्तियों के व्यवसायीकरण** और किसी देश की अंतर्राष्ट्रीय संधियों के संपुष्टि का मूल्यांकन करता है।
- **सूचकांक में प्रथम 5 स्थान- 1. अमेरिका**, 2. ब्रिटेन, 3. जर्मनी, 4. स्वीडन, 5. फ्रांस।
- सूचकांक में **अंतिम स्थान- 55. वेनेजुएला**
- सूचकांक में **भारत की स्थिति- 43वें** ( स्कोर 38.4%)(2021 में स्थान- 40वें)।

## मरिया

- दुनिया का **सबसे बड़ा मालवाहक कार्गो विमान 'एंटोनोव एएन-225' (Antonov An-225)** यूक्रेन में रूसी हमले में होस्टोमेल/गोस्टोमेल हवाई अड्डे पर अपने बेस पर तबाह हो गया।
- इसे औपचारिक रूप से **'कोसाक' (Cossack) (नाटो ऑपरेटिंग कोड) के रूप में जाना** जाता था।
- इसका **नाम मरिया (Mriya) रखा गया** था, जिसका **यूक्रेनी अर्थ है 'सपना'**। पहली उड़ान 1988 में भरी थी।
- इसकी **लंबाई 84 मीटर** (276 फीट), **528 मील प्रति घंटे** तक की स्पीड तथा **250 टन कार्गो परिवहन** कर सकता है।
- एंटोनोव कंपनी का प्रबंधन करने वाली यूक्रेन की रक्षा व निर्माता यूक्रोबारोनप्रोम ने घोषणा की है कि इसे फिर से ठीक करने की लागत **$3 अरब से अधिक** होगी और इसमें **5 साल से अधिक** समय लगेगा।

## हॉर्न ऑफ अफ्रीका मि गंभीर सूखे की स्थिति

- 8 फरवरी 2022 को **संयुक्त राष्ट्र विश्व खाद्य कार्यक्रम (WEF)** के अनुसार गंभीर सूखे की स्थिति के कारण **हॉर्न ऑफ़ अफ्रीका** में अनुमानित रूप से **13 मिलियन लोगों को गंभीर भूख का सामना करना पड़ रहा** है।
- **'हॉर्न ऑफ अफ्रीका' अफ्रीका महाद्वीप का सबसे पूर्वी विस्तार** है, जिसमें **इथोपिया, इरिट्रिया, सोमालिया और जिबूती** शामिल है।
- **सोमालिया, इथोपिया और केन्या** सहित इस क्षेत्र में लोग 1981 के बाद से दर्ज की गई **सबसे शुष्क परिस्थितियों का सामना कर रहे** हैं।
- चारागाही और कृषक समुदाय को प्रभावित कर रही है, इस क्षेत्र में कुपोषण दर भी अधिक है।
- संयुक्त राष्ट्र विश्व खाद्य कार्यक्रम ने कहा कि अगले छह महीनों में 45 लाख लोगों की तत्काल जरूरतों को पूरा करने के लिए उसे 327 मिलियन डॉलर की आवश्यकता है।

## भारत और जर्मनी सहयोग कार्य योजना 2022

- 16 फरवरी 2022 को **भारत और जर्मनी सहयोग कार्य योजना 2022** पर हस्ताक्षर किए।
- इसका उद्देश्य है **गुणवत्तापूर्ण बुनियादी ढांचे को मजबूत करना, व्यापार के लिए तकनीकी बाधाओं को कम करना, उत्पाद सुरक्षा को बढ़ाना और उपभोक्ता संरक्षण** को मजबूत करना।
- जर्मनी ने वैश्विक गुणवत्ता अवसंरचना सूचकांक (GQII) के अध्ययन के परिणाम को भी साझा किया।
- **GQII रिपोर्ट के अनुसार भारत को-**
- **1.** मानकीकरण के मामले में 7वें स्थान,
- **2.** प्रत्यायन गतिविधियों के लिए 9वें स्थान पर,
- **3.** मीटरोलॉजी से संबंधित गतिविधियों के लिए 19वें स्थान पर रखा गया है।
- भारत में **100 में से 95.6 अंक प्राप्त** किए हैं और यह समग्र गुणवत्ता वाले बुनियादी ढांचे के वातावरण के लिए **दुनिया में 10वें स्थान** पर है।

## लस्सा बुखार (Lassa Fever)

- 11 फरवरी 2022 को **यूनाइटेड किंगडम में लस्सा बुखार से पीड़ित 3 व्यक्तियों में से एक की मृत्यु** हो गई।
- यह **बुखार चूहों द्वारा फैलता है** और मुख्य रूप से **सिएरा लियोन, लाइबेरिया, गिनी और नाइजीरिया सहित पश्चिमी अफ्रीकी देशों में पाया जाता** है जहां यह (लस्सा बुखार) स्थानिक है।
- किसी संक्रमित **चूहे के मल या मूत्र से दूषित भोजन या घरेलू सामान के संपर्क में आने से** एक व्यक्ति संक्रमित हो सकता है।
- **लक्षण-** हल्के लक्षणों में हल्का बुखार, थकान, कमजोरी और सिर दर्द शामिल है और अधिक गंभीर लक्षणों में रक्त स्राव, सांस लेने में कठिनाई, उल्टी, चेहरे की सूजन, छाती, पीठ और पेट में दर्द शामिल है।
- लक्ष्मण की शुरुआत के **2 सप्ताह में रोगी की मृत्यु हो सकती** है, आमतौर पर बहू-अंग विफलता के परिणामस्वरूप।

# आर्थिक वाणिज्यिक परिदृश्य

## कृषि को आधुनिक रूप देने के लिए 100 किसान ड्रोन्स का उद्घाटन

- 18 फरवरी 2022 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए **कृषि क्षेत्र को आधुनिकतम रूप प्रदान**

करने की दिशा में एक नई पहल के तहत 100 किसान ड्रोन्स (Kisan Drons) का उद्घाटन किया।

- **उद्देश्य-** खेतों में आवश्यक दवाओं कितना सको एवं पोषक तत्वों का छिड़काव इन ड्रोन्स के द्वारा किया जाएगा।
- कृषि के लिए लांच किए गए इन **ड्रोन्स का निर्माण गरुड़ एयरस्पेस** ने किया है।
- **अगले 2 वर्षों में एक लाख स्वदेशी ड्रोन्स का उत्पादन** का गरूर एयरस्पेस का लक्ष्य है।

## 2021-22 में देश में खदा खाद्यान्नों सहित अधिकांश उपयोग के रिकॉर्ड उत्पादनः कृषि मंत्रालय के दूसरे अग्रिम अनुमान

- 16 फरवरी 2022 को फसल वर्ष 2021-22 के दौरान प्रमुख कृषि के उपयोग के **दूसरे अग्रिम अनुमान कृषि (2nd Advance Estimates) और किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा** जारी किए गए।
- दूसरे अग्रिम अनुमान में **रबी एवं खरीफ दोनों ही उपजों के उत्पादन के आंकड़े** शामिल हैं।
- प्रमुख फसलों के उत्पादन अनुमान निम्नलिखित हैं-

| | |
|---|---|
| कुल खाद्यान्न- | 316.06 मिलियन टन (रिकॉर्ड) |
| चावल- | 127.93 मिलियन टन (रिकॉर्ड) |
| गेहूँ- | 111-32 मिलियन टन (रिकॉर्ड) |
| पौष्टिक /मोटे अनाज- | 49.86 मिलियन टन |
| दलहन- | 26.96 मिलियन टन (रिकॉर्ड) |
| अरहर- | 4.00 मिलियन टन |
| मक्का- | 32-42 मिलियन टन (रिकॉर्ड) |
| चना- | 13.12 मिलियन टन (रिकॉर्ड) |
| तिलहन- | 37.15 मिलियन टन |
| सोयाबीन- | 13.12 मिलियन टन |
| रेपसीड एवं सरसों- | 11.46 मिलियन टन (रिकॉर्ड) |
| मूंगफली- | 9.86 मिलियन टन (रिकॉर्ड) |
| कपास- | 34.06 मिलियन गांठे (प्रत्येक 170 किलोग्राम) |
| जूट एवं मेस्ता- | 9.5 मिलियन गांठ (प्रत्येक 180 किलोग्राम) |
| गन्ना- | 414.04 मिलियन टन (रिकॉर्ड) |

## भारत में दूरसंचार परिदृश्य (दिसंबर 2021 के अंत की स्थिति)

- 17 फरवरी 2022 को दूरसंचार नियामक निकाय 'ट्राई' (TRAI) के आंकड़ों के अनुसार दिसंबर 2021 के अंत तक के आंकड़े जारी किए गए।

टेलीफोन परिदृश्य एक दृष्टि में

(31 दिसम्बर, 2021की स्थिति)

| | वायरलैस | वायरलाइन | योग |
|---|---|---|---|
| **टेलीफोन कनेक्शनों की कुल संख्या (करोड़ में)** | **115·46** | **2·38** | **117·84** |
| शहरी उपभोक्ता (करोड़) | 63·33 | 2·19 | 65·52 |
| ग्रामीण उपभोक्ता (करोड़) | 52·13 | 0·19 | 52·32 |
| **टेलीडेंसिटी** (प्रतिशत) (प्रति 100 व्यक्तियों पर टेलीफोन कनेक्शन) | **84·17** | **1·73** | **85·91** |
| शहरी क्षेत्रों में | 132·68 | 4·58 | 137·26 |
| ग्रामीण क्षेत्रों में | 58·28 | 0·22 | 58·50 |
| **कुल टेलीफोन उपभोक्ताओं में** शहरी उपभोक्ताओं का **प्रतिशत** | 54·85 | 91·89 | 55·60 |
| ग्रामीण उपभोक्ताओं का प्रतिशत | 45·15 | 8·11 | 44·40 |
| **ब्रॉडबैण्ड उपभोक्ताओं की संख्या (करोड़ में)** | 76·57 | 2·64 | 79·21 |

**दूरसंचार सेवा प्रदाता कम्पनियों की मोबाइल फोन सेवा बाजार में हिस्सेदारी**

**(दिसम्बर 2021 के अंत की स्थिति)**

| कम्पनी | बाजार हिस्सेदारी (प्रतिशत में) |
|---|---|
| रिलायंस जियो | 36·00 |
| भारती एयरटेल | 30·81 |
| वोडाफोन-आइडिया | 23·00 |
| बीएसएनएल | 9·90 |
| एमटीएनएल | 0·28 |
| रिलायंस कम्यू. | 0·0003 |
| **योग** | **100·00** |

**विभिन्न दूरसंचार मण्डलों में टेलीडेंसिटी**

**(31 दिसम्बर, 2021 की स्थिति)**

| राज्य/मण्डल | टेलीडेंसिटी |
|---|---|
| बिहार | 53·71 |
| उत्तर प्रदेश | 67·83 |
| मध्य प्रदेश | 68·03 |
| असम | 69·15 |
| ओडिशा | 75·35 |
| पूर्वोत्तर | 77·99 |
| राजस्थान | 79·97 |
| प. बंगाल | 83·20 |
| जम्मू-कश्मीर | 83·20 |
| हरियाणा | 93·87 |
| आन्ध्र प्रदेश | 95·55 |
| गुजरात | 95·60 |
| कर्नाटक | 102·41 |
| महाराष्ट्र | 103·35 |
| तमिलनाडु | 106·45 |
| पंजाब | 121·72 |
| केरल | 128·01 |
| हिमाचल प्रदेश | 140·90 |
| दिल्ली | 269·86 |
| **सम्पूर्ण भारत** | **85·91** |

## भारत और संयुक्त अरब अमीरात की भी स्वतंत्र व्यापार हेतु व्यापार आर्थिक भागीदारी समझौता (CEPA)

- 18 फरवरी 2022 को **भारत और संयुक्त अरब अमीरात** में स्वतंत्र व्यापार हेतु एक **व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते (Comprehension Economic Partnership Agreement- CEPA)** पर हस्ताक्षर किए।

- यह समझौता भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी व अबू धाबी के क्राउन प्रिंस शेख मोहम्मद बिन जायेद अल नाहयान के बीच वर्चुअल तरीके से संपन्न हुआ।
- 2014 में एनडीए सरकार के सत्ता में आने के पश्चात **भारत का यह पहला बड़ा व्यापार समझौता है जो 90 दिन में प्रभावी हो जाएगा।**
- इस समझौते से दोनों देशों के बीच बाजार पहुंच में वृद्धि होगी वही प्रशुल्कों को कम करने में मदद मिलेगी।
- वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने इस बात की संभावना व्यक्त की है कि दोनों देशों के बीच सालाना व्यापार जो **अभी 60 अरब डॉलर का है अगले 5 वर्षों में 100 अरब डॉलर तक पहुंच जाएगा।**

## भारत सहित अधिकांश देशों में 2021 में कच्चे इस्पात के उत्पादन में वृद्धि: उत्पादन वृद्धि में अमरीका के बाद भारत विश्व का दूसरा स्थान

विश्व के प्रमुख इस्पात उत्पादक 10 राष्ट्र

| क्रमांक | देश | कुल उत्पादन (मिलियन टन) 2020 | 2021 | 2019 की तुलना में 2020 उत्पादन में वृद्धि (प्रतिशत) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | चीन | 1064·7 | 1032·8 | –3·0 |
| 2. | **भारत** | **100·3** | **118·1** | **17·8** |
| 3. | जापान | 83·2 | 96·3 | 15·8 |
| 4. | अमरीका | 72·7 | 86·0 | 18·3 |
| 5. | रूस | 71·6 | 76·0 | 6·1 |
| 6. | द. कोरिया | 67·1 | 70·6 | 5·2 |
| 7. | टर्की | 35·8 | 40·4 | 12·7 |
| 8. | जर्मनी | 35·7 | 40·1 | 12·3 |
| 9. | ब्राजील | 31·4 | 36·0 | 14·7 |
| 10. | ईरान | 29·0 | 28·5 | –1·8 |
| ......... | ......... | ......... | ......... | ......... |
| ......... | ......... | ......... | ......... | ......... |
| | कुल वैश्विक उत्पादन | 1880·4 | 1950·5 | 3·7 |

## बैंकों से ली हुई ऋण राशि के घोटाले का अब तक का सबसे बड़ा मामला उजागर

- भारतीय स्टेट बैंक के नेतृत्व वाले **28 बैंकों की कंसोर्टियम के साथ ₹22,842 करोड़ की धोखाधड़ी के 2012-17** के इस मामले में जहाज निर्माण व मरम्मत करने वाली कंपनी **एबीजी शिपयार्ड लिमिटेड** के तत्कालीन **चेयरमैन व प्रबंधक निदेशक ऋषि कुमार अग्रवाल** व कुछ अन्य तत्कालीन निदेशक व अधिकारियों को आरोपी सीबीआई ने बनाया है।
- इस मामले में सबसे पहले भारतीय स्टेट बैंक के द्वारा रिपोर्ट नवंबर 2020 में दर्ज कराई गई थी सीबीआई द्वारा वांछित कुछ स्पष्टीकरण के पश्चात बाद में नए सिरे से शिकायत अगस्त 2020 में दर्ज कराई गई थी।
- डेढ़ वर्ष से अधिक समय तक जांच पड़ताल के पश्चात सीबीआई ने **इस मामले में FIR फरवरी 2022 में दर्ज** की थी।
- सीबीआई ने जांच में पाया कि **कंपनी ने लोन की राशि का उपयोग मूल उद्देश्यों के अलावा दूसरे उद्देश्यों के लिए किया।**
- कंपनी के **लोन अकाउंट को जून 2016 में एनपीए घोषित** कर दिया गया था।
- **शिकायत के अनुसार बकाया राशि-** SBI- ₹7,089 करोड़, ICICI- ₹3,634 करोड़, IDBI Bank- ₹1,614 करोड़, बैंक ऑफ बड़ौदा- ₹1,614 करोड़, PNB- ₹1,244 करोड़, इंडियन ओवरसीज बैंक- ₹ 1228 करोड़।

## 2021-22 की छठी अंतिम मौद्रिक नीति में भी रेपो दर व बैंक दर सहित सभी प्रमुख बैंकिंग दरें अपरिवर्तित

प्रमुख बैंकिंग दरें (फरवरी 2022 की स्थिति)

| | |
|---|---|
| रेपो दर | 4·00 प्रतिशत |
| रिवर्स रेपो दर | 3·35 प्रतिशत |
| बैंक दर | 4·25 प्रतिशत |
| एमएसएफ दर | 4·25 प्रतिशत |
| नकद आरक्षण अनुपात | 4·00 प्रतिशत |
| सांविधिक तरलता अनुपात | 18·00 प्रतिशत |

## देश में पहली वाटर टैक्सी सेवा का मुंबई में शुभारंभ

